राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
नई दिल्ली। बुधवार • 15 दिसम्बर • 2021 राष्ट्रीय सहारा www.rashtriyasahara.com

नर्सरी में दाखिले की दौड़ आज से

नई दिल्ली (एसएनबी)। राजधानी के गैर सहायता प्राप्त स्कूलों में नर्सरी कक्षाओं में दाखिले की दौड़ बुधवार से शुरू हो जाएगी। अभिभावक बुधवार से दाखिले के लिए स्कूलों के पोर्टल पर ऑनलाइन और स्कूल से फॉर्म लेकर ऑफलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन फॉर्म 25 रुपए में मिलेगा। विभिन्न स्कूलों में अंतिम तिथि 7 जनवरी, 2022 तक आवेदन किया जा सकता है। नर्सरी कक्षा में आवेदन के बाद स्कूलों द्वारा दाखिले की पहली लिस्ट 4 फरवरी और दूसरी 21 फरवरी को जारी की जाएगी।

राजधानी के गैर सहायता प्राप्त पब्लिक स्कूलों में नर्सरी कक्षाओं की 75 फीसद ओपन सीटों के लिए स्कूलों ने अपना 100 प्वाइंट्स का फॉर्मूला पहले ही जारी कर दिया है। स्कूलों में इन्हीं प्वाइंट्स फॉमूले के आधार पर दाखिला होगा। इसमें नेबरहुड के लिए सर्वाधिक अंक रहेंगे। बता दें कि स्कूलों की नर्सरी दाखिले की क्राइटेरिया में आमतौर से नेबरहुड, सिबलिंग, गर्ल चाइल्ड, एल्यूमनी आदि प्रमुख बिन्दु रहते हैं।

पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य रुमा पाठक ने कहा कि हमने नर्सरी दाखिले के आवेदन को लेकर तैयारी कर ली है। स्कूल में बुधवार सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक फॉर्म लेकर ऑफलाइन आवेदन किया जा सकेगा। इसके अलावा स्कूल में ऑनलाइन आवेदन 24 घंटे किया जा सकेगा। पाठक ने बताया कि स्कूल नर्सरी कक्षा में दाखिले के लिए कुल 100 सीटें हैं। स्कूल ने अपने दाखिले की क्राइटेरिया में नेबरहुड के 50 प्वाइंट्स, गर्ल चाइल्ड 20, सिबलिंग 10, फर्स्ट चाइल्ड 10 और एल्यूमनी 10 प्वाइंट्स रखे हैं।

पीतमपुरा स्थित एसडी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य अनिता शर्मा ने बताया कि स्कूल में नर्सरी कक्षा के लिए कुल 100 सीटें हैं। स्कूल की नर्सरी दाखिले की क्राइटेरिया में 55 प्वाइंट्स, एल्यूमनी के 10 प्वाइंट्स, सिबलिंग के 15 प्वाइंट्स, गर्ल चाइल्ड के 5, स्टाफ वार्ड के 5 और सिंगल पेरेंट के 10 प्वाइंट रखे गए हैं।

स्कूल आवेदन फॉर्म के अलावा प्रोसेसिंग और प्रॉस्पेक्टस के लिए बाध्य नहीं करेंगे। नर्सरी दाखिले के लिए आवेदन फॉर्म का अभिभावक से केवल 25 रुपए ही लिया जा सकता है। इसके अलावा आवेदन की प्रोसेसिंग फीस और प्रॉस्पेक्टस के लिए अभिभावकों को बाध्य नहीं किया जा सकता है।

- स्कूलों के पोर्टल पर ऑनलाइन व स्कूल से ऑफलाइन कर सकेंगे आवेदन
- पब्लिक स्कूलों में आवेदन की अंतिम तिथि 7 जनवरी
- पहली दाखिला लिस्ट 4 फरवरी को
- दूसरी दाखिला लिस्ट 21 फरवरी को
- 100 प्वाइंट्स के फॉर्मूले से होंगे दाखिले

पब्लिक स्कूलों में दाखिले की आयु मानदंड (31 मार्च 22 को)

नर्सरी के लिए 3 साल (अधिकतम 4 साल से कम)

केजी के लिए 4 साल (अधिकतम 5 साल से कम)

पहली क्लास के लिए 5 साल (अधिकतम 6 साल से कम)